खबरों में रहे स्टॉक

एलटीएम



कोलकाता में अपना नया वैश्विक डिलिवरी और एआई कॉम्पिटेंसी केंद्र शुरू किया

₹ 4,480.0 पिछला बंद भाव
₹ 4,475.0 आज का बंद भाव
-0.1 % ▼

स्किपर



देश-विदेश में बिजली की टीऐंडडी परियोजनाओं के ऑर्डर हासिल किए

₹ 547.2 पिछला बंद भाव
₹ 557.5 आज का बंद भाव
1.9 % ▲

एक्मे सोलर होल्डिंग्स



300 मेगावाट पीक पावर परियोजना के लिए 1,571 करोड़ रुपये जुटाए

₹ 395.7 पिछला बंद भाव
₹ 386.3 आज का बंद भाव
-2.4 % ▼

रामको सिस्टम्स



क्रोमवेल के लिए रामको पेस के सफल कार्यान्वयन का ऐलान किया

₹ 552.2 पिछला बंद भाव
₹ 558.3 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल



बीकाजी बेक्स के जरिये बेकरी विशेषज्ञ थायेकुन्नी खलील के साथ साझेदारी

₹ 610.8 पिछला बंद भाव
₹ 611.8 आज का बंद भाव
0.2 % ▲

संक्षेप में

फिजिक्सवाला में बेचा लाइटस्पीड ने पूरा हिस्सा

लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स ने एनएसई पर सौदे के जरिये शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला में अपनी पूरी 1.61 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 550 करोड़ रुपये में बेच दी। अमेरिका स्थित निवेशक की सहयोगी कंपनी लाइटस्पीड अपॉर्च्युनिटी फंड-2 एलपी ने 4,66,98,120 शेयर बेचे जो नोएडा स्थित फिजिक्सवाला में 1.61 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। यह सौदा बुधवार को 117.72 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर हुआ और इसका कुल मूल्य 549.73 करोड़ रुपये रहा। कई संस्थागत निवेशकों ने शेयर खरीदने के लिए कदम बढ़ाया। कुल 16 प्रतिभागियों ने समान कीमत पर शेयर खरीदे। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड सबसे बड़ा खरीदार रहा। उसने 2.20 करोड़ शेयर खरीदे, जो करीब 0.76 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। इन शेयर के लिए उसने 258.98 करोड़ रुपये का भुगतान किया। गोल्डमैन सैक्स की पांच इकाइयों ने मिलकर 89.67 लाख शेयर करीब 105.57 करोड़ रुपये में खरीदे। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 33.97 लाख शेयर 40 करोड़ रुपये में खरीदे। *भाषा*

इंडियाफर्स्ट लाइफ फिर आईपीओ की तैयारी में!

इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम की योजना पर दोबारा विचार करने का मन बनाया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऋषभ गांधी ने कहा कि बीएनपी पारिबा कार्डिफ को कंपनी में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए नियामकीय मंजूरी मिलने और नया शेयरधारिता ढांचा तैयार होने के बाद आईपीओ के समय पर दोबारा फैसला किया जाएगा। *बीएस*

योटा देगी 50,000 एनवीडिया वेरा रुबिन जीपीयू का ऑर्डर

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली , 27 अगस्त

एनवीडिया के शक्तिशाली वेरा रुबिन ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) हासिल करने की होड़ तेज हो रही है। योटा डेटा सर्विसेज अनुमानित 7.5 अरब डॉलर में 50,000 जीपीयू का ऑर्डर देने वाली है। इस सौदे में एनवीडिया के अन्य 45,000 जीबी-300 जीपीयू (ब्लैकवेल फैमिली आर्किटेक्चर का हिस्सा) का ऑर्डर भी शामिल होगा, जो वर्तमान में कंपनी की नवीनतम पेशकश है।

घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए योटा डेटा सर्विसेज के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी सुनील गुप्ता ने कहा, 'हम 50,000 वेरा रुबिन जीपीयू और 45,000 जीबी 300 का ऑर्डर देने की प्रक्रिया में हैं। वेरा रुबिन चिप खरीदने की कुल लागत लगभग 7.5 अरब डॉलर होगी। इसमें नेटवर्किंग और उससे जुड़े सभी उपकरण शामिल हैं। डेटा सेंटर बनाने के लिए अतिरिक्त 75 करोड़ डॉलर की भी जरूरत होगी।'

योटा का यह आर्डर प्रोसेस में है और यह देश में अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा। अभी तक ग्रीनको समूह की हैदराबाद की एएमआई इंटेलिजेंस ने हैदराबाद की अपनी इंटेलिजेंट फैक्टरी के लिए 9,000 वेरा रुबिन जीपीयू का पक्का ऑर्डर दिया है।

यह 7.5 अरब डॉलर का भारत में एआई चिप का सबसे बड़ा सौदा है

गुप्ता ने कहा कि ये नए जीपीयू दिल्ली में योटा के आने वाले 120 मेगावाट के डी4 डेटा सेंटर को संचालित करेंगे। उन्होंने कहा, 'इस परियोजना शुरू होने की समय-सीमा मई-अगस्त 2027 है, जिसके लिए हमारे डेटा सेंटर में जीपीयू की डिलिवरी मार्च-जून 2027 के आस-पास रखी जाएगी।'

अगली पीढ़ी के इस जीपीयू की दक्षता पिछले ब्लैकवेल आर्किटेक्चर की तुलना में 10 गुना ज्यादा है। यह ब्लैकवेल के मुकाबले 5 गुना तेज अनुमान और 3.5 गुना बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करता है। केवल सामान्य टेक्स्ट बनाने के बजाय, इसे खास तौर पर एजेंटिक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) को चलाने के लिए बनाया गया है। इससे एडवांस्ड मॉडल आसानी से टूल का इस्तेमाल कर सकते हैं तथा जटिल, कई चरणों वाली समस्याओं को हल कर सकते हैं। ये ग्राफिक चिप 3-नैनोमीटर मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस का इस्तेमाल करते हैं, जो डेटा मेमरी की रफ्तार को 1,500 टेराबाइट प्रति सेकंड से भी ज्यादा बढ़ा सकते हैं, जिससे प्रति टोकन लागत में खासी कमी आती है।

एनवीडिया के जीपीयू की मांग जोरो पर है। एमेजॉन ने इस सप्ताह घोषणा की कि वह साल 2027 और 2028 में एआई मॉडल चलाने के लिए एनवीडिया के 20 लाख हाई-एंड जीपीयू और लगाएगी। इन जीपीयू में वेरा रुबिन के अलावा ब्लैकवेल भी शामिल होंगे। इससे पहले जापान में सॉफ्टबैंक के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम नोइत्रा कॉरपोरेशन ने जुलाई में घोषणा की थी कि वह रोबोटों के लिए अपना एआई मॉडल बनाने के वास्ते 27,500 एनवीडिया रुबिन चिप खरीदेगा।

एनवीडिया ने जून में आधिकारिक तौर पर घोषणा की थी कि वेरा रुबिन का बड़े स्तर पर उत्पादन हो रहा है। 21 जुलाई तक कंपनी ने फिर से बयान दिया कि वह आधिकारिक तौर पर गूगल क्लाउड, माइक्रोसॉफ्ट और ओरेकल जैसी हाइपरस्केलर को चिप की बड़े स्तर पर खेप भेज रही है।

दावा 22,000 करोड़ नहीं, 3,992 करोड़ रुपये का: सुभाष चंद्रा

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 27 अगस्त

एस्सेल समूह के संस्थापक डॉ. सुभाष चंद्रा ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में चल रहे उनके व्यक्तिगत दिवालिया मामले को लेकर मीडिया में दावों की रकम गलत बताई गई है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ संबंधित दावों की कुल रकम 22,000 करोड़ रुपये नहीं बल्कि 3,992 करोड़ रुपये है।

चंद्रा ने एक बयान में कहा, 'कुछ निहित स्वार्थ वाले मीडिया संस्थान एनसीएलटी में चल रहे मेरे व्यक्तिगत दिवालिया मामले को लेकर गलत जानकारी फैला रहे हैं।' उन्होंने मीडिया संस्थानों से अपील की कि वे तथ्यों को सही तरीके से प्रकाशित करें और अदालत के आदेश से गलत तरीके से निकाली गई जानकारी को हटा दें। चंद्रा ने कहा कि उन्होंने इस मामले में शामिल कर्जदाताओं से अपने नाम पर कोई कर्ज नहीं लिया था। उनके खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया इसलिए चल रही है क्योंकि उन्होंने एस्सेल समूह से जुड़ी कंपनियों द्वारा लिए गए कर्ज के लिए निजी तौर पर गारंटी दी थी। एक बयान में कहा गया, 'डॉ. सुभाष चंद्रा ने अदालत के आदेश में बताए गए किसी भी कर्जदाता या किसी अन्य कर्जदाता से व्यक्तिगत रूप से कोई कर्ज नहीं लिया है। उन्होंने केवल व्यक्तिगत गारंटी के लिए हस्ताक्षर किए थे।'

चंद्रा के मुताबिक, उनके द्वारा दी गई व्यक्तिगत गारंटी की कुल रकम करीब 22,000 करोड़ रुपये थी। वहीं, दिवालिया कार्यवाही में कुल 22,006 करोड़ रुपये के दावे दाखिल किए गए थे, जिनमें से 21,696 करोड़ रुपये के दावों को समाधान प्रक्रिया अधिकारी (आरपी) ने स्वीकार किया था।

चंद्रा ने कहा कि इस मामले में कुल 22,006 करोड़ रुपये के दावे दाखिल किए गए थे जिनमें से 21,696 करोड़ रुपये के दावे स्वीकार किए गए। उन्होंने कहा कि मीडिया में बताई जा रही ये रकम दिवालिया प्रक्रिया के दौरान दाखिल किए गए दावों की है न कि मामले की मौजूदा स्थिति को दर्शाती है।

बयान के मुताबिक, दिवालिया प्रक्रिया में विरोध करने वाले कर्जदाताओं ने कुल 3,992 करोड़ रुपये के दावे किए थे। इनमें से 620 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा हो चुका है।

UJJIVAN SMALL FINANCE BANK

पंजीकृत कार्यालयः– ग्रेप गार्डन, संख्या 27, तृतीय 'ए' क्रॉस, 18वीं मेन, 5वीं ब्लॉक, कोरमंगला, बेंगलुरु – 560095 क्षेत्रीय कार्यालयः– जीएमटीटी भवन, प्लॉट संख्या बी–7, सेक्टर–3, नोएडा (उ.प्र.) – 201301
जोधपुर शाखाः– प्लॉट संख्या 47, महादेव टावर, उमराव खान पेट्रोल पंप, योजना एलआईजी–3, न्यू कोहिनूर सिनेमा, चौपासनी रोड, बलदेव नगर, जोधपुर, राजस्थान – 342003
अजमेर शाखाः– ए.एम.सी. संख्या 32/3=32/3A=369/28, भूतल एवं प्रथम तल, मार्टिंडेल ब्रिज के पास, भ्यावर रोड, अजमेर, राजस्थान – 305001
बूंदी शाखाः– प्लॉट संख्या 1, न्यू कॉलोनी, सर्किट हाउस के सामने, बूंदी, राजस्थान – 323001
संपर्क व्यक्तिः– (1) अभिमन्यु सिंह राठौड़, मोबाइलः 9056733167 (2) चैन सिंह गोयल, मोबाइलः 9960437507 (3) पवन सैनी, मोबाइलः 8284086154 (4) संजय शर्मा, मोबाइलः 9983365566 (5) शिवम कौशल, मोबाइलः 8630309980

सार्वजनिक नीलामी सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के परंतुक नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के तहत बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि को आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता नं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तिथि और मांग राशि	सांकेतिक/भौतिक कब्जे की तिथि	वर्तमान बकाया राशि	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य रु. में	जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रु. में (आरक्षित मूल्य का 10%)	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बोली जमा करने की अंतिम तिथि	ईएमडी भेजने हेतु खाता विवरण
1.	2221210030000001	(1) श्री श्रवण सिंह रावत पुत्र माल सिंह (2) श्रीमती रुकमा देवी पत्नी माल सिंह	31.07.2021 रु 4,72,703/-	14.11.2022 (भौतिक कब्जा)	रु. 7,16,368.97 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 7,89,000/-	रु 78,900/-	22.09.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	21.09.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में अजमेर शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	भूमि एवं भवन का समस्त वह भाग एवं अंश जोकि संपत्ति पट्टा सं. 46 जिसका क्षेत्रफल 293.33 वर्ग गज है, खसरा सं. 523 के भाग में स्थित, ग्राम पंचायत–मायापुर, पंचायत समिति–पीसांगन, तहसील एवं जिला अजमेर– राजस्थान में स्थित है। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैः सीमाएँः पूर्वः सड़क (स्वयं बाड़ा) / स्वयं की संपत्ति, पश्चिमः सड़क (स्वयं बाड़ा) / स्वयं की संपत्ति, उत्तरः सड़क, दक्षिणः ग्राम पंचायत मायापुर										
2.	2221210170000020	(1) महेंद्र पुत्र सोहन लाल (2) सोहन लाल पुत्र गणेश (3) बीना देवी पत्नी महेंद्र	20.07.2021 रु 8,51,319/-	15.11.2022 (भौतिक कब्जा)	रु. 13,19,334.87 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 5,15,000/-	रु 51,500/-	22.09.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	21.09.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में अजमेर शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं अंश जोकि पट्टा सं. 33 वाली है, जिसका क्षेत्रफल 47.33 वर्ग गज है, खसरा सं. 3256 के भाग में स्थित, ग्राम पंचायत सरवना, पंचायत समिति पीसांगन, तहसील सरवना एवं जिला अजमेर, राजस्थान में स्थित है। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैः सीमाएँः पूर्वः श्री शंकर का मकान, पश्चिमः सड़क / 7 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः सड़क / 15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः सड़क / 5 फीट चौड़ी गली										
3.	2232210130000010	(1) गोविंद राम पुत्र देवी लाल (2) गोगा देवी पत्नी देवी लाल	20.07.2021 रु 12,25,321/-	21.11.2023 (भौतिक कब्जा)	रु. 16,58,963.41 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 6,51,000/-	रु 65,100/-	22.09.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	21.09.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में जोधपुर शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट सं. 32–सी–2, प्लॉट सं. 32, खसरा सं. 45, जिसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज है, राज श्री नगर योजना, बोनाड़ा, लूणी, जिला जोधपुर, राजस्थान में स्थित जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं सीमाएंः पूर्वः फ्लैट सं. 52–सी–1, पश्चिमः 40 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः फ्लैट सं. 32–सी–1, दक्षिणः फ्लैट सं. 31–सी										
4.	2225761000000029	(1) छोटू सिंह पुत्र गिरधर सिंह (2) मंजू कंवर पत्नी छोटू सिंह	05.02.2022 रु 7,39,388/-	06.06.2024 (भौतिक कब्जा)	रु. 11,14,514.05 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 7,09,000/-	रु 70,900/-	22.09.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	21.09.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बूंदी शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं अंश जोकि पट्टा सं. 9925, मिसल सं. 501, जिसका क्षेत्रफल 2250 वर्ग फीट ग्राम ओढ़या, तहसील हिंडोली, जिला बूंदी, राजस्थान में स्थित जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैं: सीमाएँः पूर्वः स्वयं की संपत्ति, पश्चिमः सड़क, उत्तरः स्वयं की संपत्ति, दक्षिणः गिरधर सिंहरूप सिंह की भूमि										
5.	2225210040000008	(1) नसरू दीन पुत्र हुसैन साह (2) कल्लो बेगम पत्नी नसरू दीन	18.04.2022 रु 4,10,362/-	27.07.2026 (भौतिक कब्जा)	रु. 7,01,752.57 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 5,12,000/-	रु 51,200/-	22.09.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	21.09.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बूंदी शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	भूमि एवं भवन का समस्त भाग एवं अंश जोकि पट्टा सं. 9447, ग्राम धगरिया, तहसील हिंडोली, जिला बूंदी, जिसका क्षेत्रफल 594 वर्ग फीट (खसरा सं. 1213 / 13 का भाग), वाली भूमि एवं भवन है। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैः सीमाएँः पूर्वः कमरुद्दीन का मकान, पश्चिमः सड़क, उत्तरः मंगलाल दर्जी का मकान, दक्षिणः श्रीमती कल्लो बेगम की भूमि, तत्पश्चात सड़क										
6.	2225210030000009	(1) राजेश पुत्र गोपाल @ गोपाल मेघवाल (2) शंकरी पत्नी गोपाल @ गोपाल मेघवाल	26.12.2024 रु 2,15,032/-	01.07.2026 (भौतिक कब्जा)	रु. 3,12,403.42 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 4,77,000/-	रु 47,700/-	08.10.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	07.10.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बूंदी शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	पट्टा सं. 3379 का समस्त भाग एवं अंश जोकि क्षेत्रफल 432 वर्ग फीट है (खसरा सं. 289 का भाग), ग्राम हाड़ो का पीपलड़ा, तहसील तलेड़ा, जिला बूंदी, राजस्थान में स्थित है। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैः सीमाएँः पूर्वः पप्पूलाल का मकान, पश्चिमः मोतीलाल का मकान, उत्तरः स्वयं की भूमि, तत्पश्चात आम रास्ता, दक्षिणः कालूलाल की भूमि										
7.	2225210170000177	(1) श्री राम @ श्रीराम मीणा @ श्री राम मीणा @ श्री राम पुत्र रामरतन मीणा @ राम रतन मीणा @ राम रतन जी (2) भोमाली बाई @ भोमाली पत्नी श्री राम @ श्रीराम मीणा @ श्री राम मीणा @ श्री राम	24.02.2025 रु 10,69,614/-	27.07.2026 (भौतिक कब्जा)	रु. 15,29,745.28 (दिनांक 25.08.2026 तक)	09.09.2026 अपरा. 02.00 बजे पूर्व नियुक्ति द्वारा	रु 12,67,000/-	रु 1,26,700/-	08.10.2026 को अपरा. 01.00 बजे से अपरा. 02.00 बजे तक	07.10.2026 को अपरा. 04.00 बजे तक	ईएमडी को उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बूंदी शाखा में देय डिमांड ड्राफ्ट या आरटीजीएस/एनईएफटी /आईएमपीएस के माध्यम से खाता सं. 22011013462001 आईएफएससीः UJVN0002201 पर जमा किया जाना चाहिए।
	आवासीय प्लॉट का समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 1750 वर्ग फीट पट्टा सं. 8990, खसरा सं. 573 में स्थित, ग्राम कबरी, ग्राम पंचायत रोशंडा, पंचायत समिति हिंडोली, जिला बूंदी, राजस्थान में स्थित है। जिसकी सीमाएँ निम्नानुसार हैः सीमाएँः पूर्वः सरकारी भूमि, पश्चिमः सामान्य सड़क, उत्तरः रामरतन के पुत्र पृथ्वीराम का मकान, दक्षिणः हजारी के पुत्र लादूलाल की खाली भूमि										

नियम एवं शर्तें– ई–नीलामी "जहां है जैसा है" और "जो कुछ भी है" आधार पर आयोजित की जायेगी।
1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, ऋणभार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / देयताओं के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन से बैंक की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं बनता है और न ही यह माना जाएगा। संपत्ति की बैंक की ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भावी ऋणभारों के साथ बेचा जा रहा है। अधिकृत अधिकारी / सिक्योर्ड क्रेडिटर किसी भी तीसरे पक्ष के दावों अधिकारों देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
2. बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति और विशिष्टताओं के बारे में निरीक्षण और स्वयं की संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी। नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों का निरीक्षण इच्छुक बोलीदाताओं को प्रत्येक संपत्ति विवरण के सामने उल्लेखित साइटों पर करने की अनुमति दी जाएगी।
3. इच्छुक बोलीदाताओं की अपनी बोली ऊपर उल्लिखित नीलामी की तारीख से पहले अधोहस्ताक्षरित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी।
4. ई–नीलामी उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा अनुमोदित ई–नीलामी सेवा प्रदाता मैसर्स 4 क्लोज़र के माध्यम से आयोजित की जाएगी। संपर्क व्यक्ति श्री राजीव पाण्डेय (मो. नं. 8142000030) इच्छुक बोलीदाताओं की संपत्ति के विवरण के लिए **https://bankeauctions.in or https://www.ujjivansfb.in/e-auctions** पर जाने की सलाह दी जाती है। और बोली में भाग लेने के लिए उन्हें पोर्टल **https://bankeauctions.in** पर अपना नाम दर्ज कराना होगा और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना होगा। भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स 4 क्लोजर, हेल्पलाइन नंबर– 8142000062 / 63 / 66 सपोर्ट ईमेल आईडी: info@bankeauctions.in, नीलामी पोर्टल– **https://bankeauctions.in** से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
5. संपत्ति उच्चतम बोलीदाता / प्रस्तावित को बेची जाएगी, जो प्रतिभूत लेनदार, मानी, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड द्वारा बोली की स्वीकृति के अधीन होगी। हालांकि, अधोहस्ताक्षरी के पास पूर्ण विवेक है कि यदि आवश्यक समझा जाए तो इंटर से बोली लगाने की अनुमति दी जा सकती है। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी प्रस्ताव निविदा की स्वीकार या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार है।
6. सफल बोलीदाता की जमा धरोहर राशि (ईएमडी) को आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। जमा धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटों के भीतर, पहले से भुगतान की गई ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य का 25% जमा करना होगा और बिक्री के 15 दिन या उससे पहले बिक्री मूल्य का शेष 75% या किसी भी मामले में लिखित रूप में और केवल प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर अधिकतम 3 महीने की विस्तारित अवधि के भीतर सहमति के अनुसार जमा करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान में चूक के मामले में, प्रस्ताव द्वारा पहले से जमा की गई राशि की जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा और डिफॉल्ट खरीदार का संपत्ति राशि के संबंध में कोई दावा अधिकार नहीं होगा।
7. यह प्रकाशन प्रभावी मुख्य खंड के अधीन है।
8. बोलीदाताओं के अपने हित में अंतिम क्षण में बोली लगाने से बचना चाहिए क्योंकि न तो उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी भी चूक / विफलता (इंटरनेट विफलता बिजली विफलता आदि) के लिए जिम्मेवार होंगे, ऐसी आकस्मिक परिस्थितियों की घटनाओं से बचने के लिए बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था / विकल्प जैसे कि बिजली आपूर्ति बैक–अप आदि की व्यवस्था करें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और सफलतापूर्वक नीलामी में भाग ले सकें।
9. यह बंधक संपत्तियों की बिक्री के लिए निर्धारित सार्वजनिक नीलामी के बारे में उपरोक्त नामित कर्जदारों / जमानतदारों / बंधककर्ताओं के लिए भी एक सूचना है।

तिथिः 27.08.2026 स्थानः राजस्थान प्राधिकृत अधिकारी, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

एनसीएलएटी जाने पर एचडीएफसी कर रहा विचार

एस्सेल समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा की कर्ज चुकाने की योजना को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मंजूरी मिलने से एचडीएफसी बैंक हैरान है। देश का सबसे बड़ा निजी बैंक अब इस फैसले के खिलाफ अपील पंचाट एनसीएलएलटी में जाने पर विचार कर रहा है।

एनसीएलटी ने चंद्रा की योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत 22,000.57 करोड़ रुपये के स्वीकार किए गए कर्ज के दावों के बदले सिर्फ 6.25 करोड़ रुपये चुकाने का प्रस्ताव है। यानी बैंकों को करीब 99.97 फीसदी का घाटा उठाना पड़ेगा।

एचडीएफसी बैंक ने कहा, 'बैंक अब इस मामले में एनसीएलएटी में अपील करने की संभावना तलाश रहा है।' एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बैंक के लिए इतनी कम रकम की वसूली स्वीकार करना मुश्किल है। *बीएस*

उपकरण की कुल लागत में आधा हिस्सा अब मेमरी का: आसुस

आशिष आर्यन
नई दिल्ली, 26 अगस्त

लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे उपकरणों की कीमतें बढ़ाना सभी कंपनियों के लिए जरूरी हो गया है। कारण कि मेमरी चिप की कीमत उपकरण की कुल लागत के लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। दो साल पहले यह इस लागत का लगभग 10 से 15 प्रतिशत थी। आसुस इंडिया में उपभोक्ता और गेमिंग पर्सनल कंप्यूटर श्रेणी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने यह जानकारी दी है।

सु ने बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा, 'हमें नहीं लगता कि मेमरी चिप की कीमतों में बढ़ोतरी थमेगी। तीसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर में कीमतें बढ़ी हैं और चौथी तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर में कीमतों में 5 से 10 प्रतिशत का इजाफा और किया जाएगा। साल 2027 के लिए स्थिति अभी भी साफ नहीं है, लेकिन हमें नहीं लगता कि तब भी कीमतों में कमी आएगी।' सु ने कहा कि आसुस लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और टैबलेट के भारतीय बाजार में लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। इसकी मौजूदा बाजार हिस्सेदारी लगभग 23.5 प्रतिशत है, जो अब तक की सबसे ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि साल 2026 में जब मेमरी चिप की बढ़ती कीमतों के कारण बाजार की ज्यादातर बड़ी कंपनियों की हिस्सेदारी और बिक्री में गिरावट आई, तब भी आसुस ने अपनी बाजार हिस्सेदारी बरकरार रखी और लगातार वृद्धि दर्ज की।

सु ने कहा कि मूल्य वृद्धि की स्थिति से निपटने के लिए ज्यादातर कंपनियों ने अपने पोर्टफोलियो से 8 गीगाबाइट (जीबी) की रैंडम एक्सेस मेमरी (रैम) की पेशकश हटा दी थी। अब वे कंपनियां उन मॉडलों को वापस ले आई हैं और उन्हें नए खरीदारों के लिए अलग-अलग कस्टमाइजेशन के साथ पेश कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि देश भर में अपनी मौजूदगी और बढ़ाने के लिए आसुस 6,000 तालुकों तक पहुंचने और वहां बिक्री केंद्र या बिक्री बाद सेवा की सुविधा देने पर विचार कर रही है, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में ग्राहकों को अपना उपकरण दिखाने के लिए शहर न जाना पड़े।

सु ने बताया कि जुलाई तक कंपनी ने देश भर